8-1/के.सं.वि./समर्थ प्रवेश/2025/ 1045

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली**

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

**शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष 2025-26 प्रवेश हेतु पञ्चम चरण की अधिसूचना**

दिनांक- 03.09.2025

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में शिक्षाशास्त्री कक्षा हेतु आवेदकों में से वरीयता क्रम एवं आरक्षण नियमों के अनुसार प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया के पञ्चम चरण के लिए बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची संलग्न है। पञ्चम चरण के प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया के लिए दी जाने वाली यह सूचना प्रवेश का अधिकार प्रदान नहीं करती है। इस चरण के प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया की सफल समाप्ति के बाद चयनित प्रवेशार्थी को निर्धारित शुल्क समर्थ पोर्टल पर online माध्यम से ही जमा कराना होगा। पञ्चम चरण के प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया हेतु निर्धारित तिथि में भौतिक रूप से उपस्थित नहीं होने, समयानुसार निर्धारित शुल्क जमा न कराने अथवा आवश्यक दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा और प्रवेश की पात्रता स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

**आवश्यक प्रमाणपत्रों की सूची (प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया में लाना अनिवार्य):**

1. शिक्षाशास्त्री के ऑनलाइन आवेदन पत्र (Samarth Portal से डाउनलोड करके परिसरीय प्रवेश समिति को देना होगा)
2. Part B form – विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर परिसर में प्रस्तुत करें
3. जन्मतिथि का प्रमाण – मैट्रिक/सेकेंडरी/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (उक्त पाठ्यक्रम में आयु का कोई बन्धन नहीं है)
4. प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका
5. शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत)/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका
6. यदि शास्त्री/बी.ए. का परिणाम प्रतीक्षित है तो शपथ पत्र (परिशिष्ट-3)
7. आचार्य/एम.ए. (संस्कृत)/समकक्ष की अंकतालिका (यदि हो)
8. आरक्षण हेतु प्रमाणपत्र – SC/ST/OBC/EWS (केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
9. दिव्यांग प्रमाणपत्र – चिकित्सक द्वारा जारी (कम से कम 40% दिव्यांगता का स्पष्ट उल्लेख हो)
10. क्रीड़ा या युद्ध आहत से संबंधित अभ्यर्थियों हेतु संबंधित प्रमाणपत्र
11. Migration Certificate
12. Medical Fitness Certificate
13. Transfer Certificate एवं Character Certificate
14. APAAR/Academic Bank Credit (ABC) का पंजीकरण प्रपत्र – https://apaar.education.gov.in/get-your-apaar
15. एकल बालिका प्रमाणपत्र – शपथपत्र सहित (यदि लागू हो)
16. EWS प्रमाण पत्र – वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 का होना आवश्यक
17. OBC (Non-Creamy Layer) हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय प्रमाणपत्र
18. NER (North Eastern Region) सम्बन्धित प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
19. Anti-Ragging पोर्टल पर पंजीकरण – https://www.antiragging.in/affidavit_registration_disclaimer.html

**प्रवेश हेतु महत्वपूर्ण सूचनाएँ-**

- - संबंधित परिसर की स्थानीय प्रवेश समिति द्वारा पात्रता सिद्ध होने पर ही प्रवेश मान्य होगा।
- - पञ्चम चरण की दस्तावेज सत्यापन/प्रवेश प्रक्रिया 04-09-2025 से 09-09-2025 शाम 05:30 बजे तक ही आयोजित होगी।
- - ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी यदि जांच में गलत पाई जाती है तो प्रवेश निरस्त किया जाएगा।
- - एक बार आवंटित परिसर में ही प्रवेश मान्य होगा, प्रवेश के पश्चात स्थानांतरण की अनुमति नहीं होगी।
- - विश्वविद्यालय वेबसाइट के अतिरिक्त कोई सूचना डाक या अन्य माध्यम से नहीं भेजी जाएगी।

- प्रवेशार्थियों को भौतिक उपस्थिति के माध्यम से आवण्टित परिसर में ही प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया की सुविधा दी गई है। आवंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित प्रवेशार्थियों के दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर ही स्थायी प्रवेश/ अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा।
- जिन प्रवेशार्थियों को अस्थायी प्रवेश प्रदान किया जाएगा, ऐसे प्रवेशार्थियों को शपथ पत्र देना होगा कि "मैं.......................................भौतिक रूप से आवण्टित परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुनः दस्तावेजों का सत्यापन कराऊंगा / कराऊंगी तथा किन्हीं कारणों से असफल होने पर मेरा प्रवेश बिना किसी शर्त के निरस्त किया जा सकता है तथा मुझे यह भी ज्ञात है कि भौतिक सत्यापन में असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं किया जाएगा।"
- अस्थायी प्रवेश प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को 30 सितम्बर तक अर्हता के लिए आवश्यक अन्तिम वर्ष परीक्षा/सत्रार्द्ध परीक्षा आदि सभी आवश्यक प्रमाण पत्र जमा करने होंगे, अन्यथा उनका प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।
- प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवण्टित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित प्रवेशार्थियों को दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् प्रवेश शुल्क https://sanskritcuet.samarth.edu.in/pg/ पर ऑनलाईन माध्यम से प्रथम सत्रार्द्ध में GEN/OBC/EWS/SGC वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 7500/- रू. तथा SC/ST/CW वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 7000/- जमा करवाना अनिवार्य होगा तथा शुल्क प्राप्त होने पर ही प्रवेश मान्य होगा अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा। PwBD वाले छात्रों से किसी भी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- विशेष नोट - **स्थानान्तरण हेतु किसी भी छात्र के अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**
- सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुल्क इस प्रकार देय होगा –

| शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष | शिक्षाशास्त्री तृतीय वर्ष |
|---|---|
| प्रथम सत्रार्द्ध - 7500/- (GEN/EWS/OBC/SGC)<br>7000/- (SC/ST/CW) | तृतीय सत्रार्द्ध - 7500/- (GEN/EWS/OBC/SGC)<br>7000/- (SC/ST/CW) |
| तृतीय सत्रार्द्ध - 1700 /- (GEN/ EWS/OBC/SGC)<br>1200/- (SC/ST/CW) | पञ्चम सत्रार्द्ध - 1700/- (GEN/EWS/OBC/SGC)<br>1200/- (SC/ST/CW) |

- भौतिक रूप से दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थायी प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों का प्रवेश तभी स्थायी माना जाएगा, जब सम्बन्धित प्रवेशार्थी भौतिक रूप से आबंटित परिसर में समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेंगे।
- **प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 04.09.2025 प्रातः 10:00 बजे से 09.09.2025 सायं 05:30 बजे तक सम्पन्न होगी।**
- प्रवेशार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित हो जाने के तुरन्त बाद बाद ही आवण्टित परिसर में अध्ययनार्थ उपस्थित होना अनिवार्य है।
- प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिए आवण्टित परिसरों के SPOC से कार्यालयीय समय में अधोलिखित विवरणानुसार सम्पर्क किया जा सकता है –

| क्र.सं. | परिसर का नाम | सम्पर्क हेतु सम्बन्धित परिसरीय प्राध्यापक का नाम एवं दूरभाष |
|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, सिपाई, लेम्बुचेरा, पश्चिम त्रिपुरा – 799210 | डा. नन्ददुलाल मण्डल<br>8617528423 |
| 2. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री वेदव्यास परिसर, बलाहर, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 177108 | डा. सत्यदेव<br>09619013708 |
| 3. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर, कोट- भलवाल, जम्मू -181122 | डा. मदन कुमार झा/डा. ऋषिराज<br>06005254178/7085918009 |
| 4. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुवायूर परिसर, पुरनाट्टुकरा, त्रिशूर, केरल – 680551 | डा. श्रुति के. बी.<br>9562342289 |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री राजीव गांधी परिसर, मेणसे, भारती नगर, श्रृंगेरी, कर्नाटक – 577139 | प्रो. हरि प्रसाद के./डा. नारायण वैद्य 09481223990/ 9449278130 |
| 6. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बाग सेवनिया, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462043 | प्रो. अशोक कुमार कछवाहा 7723887234 |
| 7. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर, राजस्थान – 302018 | प्रो. शीशराम 9829999632 |
| 8. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर, विशाल खण्ड - 4, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226010 | प्रो. अवनीश अग्रवाल 9451244456 / 7007012335 |

- प्रवेशार्थी प्रवेश प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी हेतु शिक्षाशास्त्री प्रवेश निर्देशिका का अवलोकन अवश्य करें।

**(प्रो. मदन मोहन झा)**
अधिष्ठाता (शैक्षिकवृत्त)

प्रतिलिपि-

1- कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2- कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3- परीक्षा नियन्त्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4- निदेशक, समस्त सम्बद्ध परिसर
5- परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ)
6- अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र
7- विद्याशाखाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र
7- सम्बद्ध संचिका।